D-34
27/4/22

कुलसचिव कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 197
तिथि 27/04/22
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007

ई-मेल / समयबद्ध / अनुस्मारक
संख्या-902/सत्तर-4-2022

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 26 अप्रैल, 2022

विषयः वित्तीय वर्ष 2022-23 में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स योजना के लिए अनुदान अवमुक्त किए जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-746/सत्तर-4-2022, दिनांक 06.04.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के विभिन्न विभागों को सेन्टर आफ एक्सीलेन्स के रूप में स्थापित करने के लिए अनुदान अवमुक्त किए जाने हेतु इस योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुसंगत प्रस्ताव तैयार कराकर दिनांक 31.05.2022 तक शासन को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

2- इस संबंध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि विशेष रूप से भारतीय संस्कृति के क्षेत्रों में उदीयमान प्रकरणों, आजादी के अमृत महोत्सव तथा आधुनिक विषय जैसे- Artificial Intelligence, Geospatial Systems and Drones, Semiconductor and Its Eco-system, Space Economy, Genomics and Pharmaceuticals, Green Energy and Clean Mobility System के क्षेत्रों से संबंधित सुसंगत प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- इसके साथ ही कुलसचिव, संबंधित राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0 द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के संबंध में इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा कि संबंधित प्रस्ताव नियमित विभागों से ही संबंधित हैं।

भवदीय,
(मनोज कुमार)
विशेष सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

OS-C Project
26/4/2022

आज्ञा से,
(सर्वेश कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

HE4 2022 R&D पत्राचार

P.T.O

पत्रांक PJ-7354-60 दिनांक 28/4/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।

2–अधिष्ठाता, शोध, ल०वि०वि०।

3–समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, ल०वि०वि०।

4–निदेशक, नवीन परिसर, ल०वि०वि०।

5–वित्त अधिकारी, ल०वि०वि०, लखनऊ।

6–इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ० विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

28/04/2022